150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

कार्यालय – निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।

क्रमांक–शिविरा–माध्य/मा–स/विविध दिवस/2018/ दिनांक : 02.02.2021

01. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
02. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा।
03. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), माध्यमिक शिक्षा।
04. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
05. समस्त पीईईओ।

विषय :– विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 की शैक्षणिक गतिविधियां पुनः प्रारम्भ किए जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।

प्रसंग :– प्रमुख शासन सचिव (गृह) के पत्रांक : प.33(2)गृह–9/2019 जयपुर, दिनांक : 01.02.2021 तथा शासन उप सचिव प्रथम, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, जयपुर का पत्रांक : प.32(1)शिक्षा–1/2000 पार्ट–7 दिनांक : 07.01.2021

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रासंगिक पत्रों की प्रति संलग्न कर निर्देशित किया जाता है कि एस. ओ.पी. में वर्णित निर्देशों के अनुरूप समस्त उच्च प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक स्तर के (राजकीय एवं गैर राजकीय) विद्यालयों को दिनांक : 08.02.2021 से शिक्षण कार्य प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

कोविड–19 के बाद कक्षा 6 से 8 हेतु विद्यालय पुनः खोले जाने के संबंध में जागरूकता के लिए शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों के साथ संवाद एवं निर्देश प्रदान किए जाने के लिए निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर की अध्यक्षता में दिनांक : 03.02.2021 को अपरान्ह् 04:00 से 06:00 बजे तक संबंधित ब्लॉक एवं जिला **DoI&T** केन्द्रों पर विडियो कॉन्फ्रेन्सिंग का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिला मुख्यालयों पर कार्यरत अधिकारी संबधित जिलों से एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पीईईओ संबंधित ब्लॉकों से इस विडियों कॉन्फ्रेंसिग में आवश्यक रूप से भाग लेंगे। बैठक एजेन्डा निम्नानुसार होगा :–

1. विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 का कक्षा–शिक्षण प्रारम्भ करने की तैयारियों के सम्बन्ध में।
2. डिजीटल लर्निंग यथा ई–कक्षा एवं स्माईल–2 की समीक्षा।
3. आओ घर में सीखे कार्यक्रम के सम्बन्ध में शालादर्पण पर डेटा फीडिंग की समीक्षा।
4. इस सत्र में संक्षिप्त किये गये पाठ्यक्रम, नवीन परीक्षा योजना तथा पेपर पैटर्न एवं परीक्षा तैयारी हेतु उपलब्ध कराये गये मॉडल प्रश्न पत्रों आदि सामग्री की विद्यार्थियों/शिक्षकों तक पहुंच की समीक्षा।
5. अन्य विचारणीय बिन्दु।

संलग्न :– यथोक्त।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

www.rajsevak.com

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

01. शासन उप सचिव–प्रथम, शिक्षा(ग्रुप–1) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
02. शासन उप सचिव, ग्रह (ग्रुप–9) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
03. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
04. रक्षित पत्रावली।

निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

E:\Genral letter.docx

1249